केन्द्रीय विद्यालय ए एफ एस मनौरी

विषय - हिंदी

आवर्ती परीक्षा -प्रथम (अगस्त -2017)

कक्षा - ग्यारहवीं

समय -90 मिनट **अंक -50**

निर्देश -सभी प्रश्न अनिवार्य हैं . प्रश्नों के उत्तर साफ़ एवं स्पष्ट लिखिए .

प्रश्न -1 -निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए - 5X2

टोपी पहिरे माला पहिरे छाप तिलक अनुमाना | साखी सब्दहिं गावत भूले आतम खबरि जाना |

हिन्दू कहे मोहिं राम पियारा तुर्क कहै रहिमाना | आपस में दोउ लरि लरि मुए मरम ना काहू जाना||

घर-घर मंतर देत फिरत है,महिमा के अभिमाना | गुरु के सहित सिख्य सब बूड़ें अंत काल पछताना ||

कहे कबीर सुनो हो संतो ,ई सब भर्म भूलाना | केतिक कहौ कहा नहीं मानै सहजे सहज समाना ||

1 -पाठ एवं कवि का नाम बताइये ?
2 - कवि हिन्दू और मुसलमान की क्या विशेषता बताता है ?
3 - कविता में कवि गुरुओं के बारे में क्या वर्णन करता है ?
4 -कविता में कवि किन किन आडम्बरों की चर्चा करता है ?
5 - "केतिक कहौ कहा नहीं मानै सहजे सहज समाना" पंक्ति का क्या अर्थ है ?

प्रश्न -2–निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए- 5X2

दुनिया सोती थी, पर दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक–वृद्ध सबके मुँह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिए, वही पंडितजी के इस व्यवहार पर टीका–टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया। पानी को दूध के नाम से बेचनेवाला ग्वाला, कल्पित रोज नामचे भरनेवाले अधिकारी वर्ग, रेल में बिना टिकट सफ़र करनेवाले बाबू लोग, जाली दस्तावेज बनानेवाले सेठ और साहूकार, यह सब–के–सब देवताओं की भाँति गरदनें चला रहे थे। जब दूसरे दिन पंडित अलोपोदीन अभियुक्त होकर कांस्टेबलों के साथ, हाथों में हथकड़ियाँ, हृदय में ग्लानि और क्षोभभरे, लज्जा से गरदन झुकाए अदालत की तरफ़ चले, तो सारे शहर में हलचल मच गई।

I-दुनिया सोती थी पर दुनिया की जीभ जागती थी, पंक्ति का क्या आशय है ?
II-शहर में हलचल क्यों मच गयी ?
III-उपर्युक्त गद्यांश में लेखक किन-किन भ्रष्ट लोगों की चर्चा करता है ?

IV-किसकी निंदा हो रही थी और कौन कर रहा था ?

V- पाठ और और लेखक का नाम बताइए?

प्रश्न -3 - निम्नलिखित पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए ? 5X2

क --कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है|इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिया है?

ख -लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं ?

ग -वंशीधर ने मुकदमा हारने पर क्या अनुभव प्राप्त किया ?

घ -अलोपीदीन के व्यक्तित्व के दो पहलू (पक्ष) कौन हैं ?

ङ -कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है?

प्रश्न-4-साईकिल खोने पर अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को उसे खोजने के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखिए-6

प्रश्न -5 - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए -(अधिकतम -200 शब्द)—7

क- स्वतंत्रता दिवस और हमारा दायित्व

ख -प्राकृतिक आपदा : कारण और निवारण

ग -अनुशासन का महत्व

प्रश्न -6 - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए - 7

क - बढ़ती आबादी और घटते वन

ख -विद्यालय की प्रातः कालीन सभा

ग -जागो ग्राहक जागो अर्थात उपभोक्ता के अधिकार